CATALYST COLLEGE

(A Unit of Vijayam Educational Trust, A registered Non-Profit Charitable Trust)
Affiliated to Patliputra University,Patna

कैटलिस्ट कॉलेज में कैंपस प्लेसमेंट के लिए आई 'आई.सी.आई.सी.आई. बैंक'

'फ़ोन बैंकिंग ऑफिसर' के पद हेतु छात्रों का हुआ कैंपस इंटरव्यू

कैटलिस्ट कॉलेज से अबतक 474 छात्रों का हो चुका है 'आई.सी.आई.सी.आई. बैंक' में चयन

विजयम एजुकेशनल ट्रस्ट के सिमेज कॉलेज समूह के अंतर्गत संचालित 'कैटलिस्ट कॉलेज' में वर्ष 2020 में कैंपस प्लेसमेंट ड्राईव के तहत प्रतिष्ठित आई.सी.आई.सी.आई. बैंक का आगमन हुआ जिसमें प्रबंधन एवं सूचना तकनीक के फाइनल ईयर के 360 छात्रों ने भाग लिया | छात्रों की संख्या को देखते हुये यह कैंपस प्लेसमेंट लगातार दो दिनों तक चला | छात्रों का चयन आई.सी.आई.सी.आई. बैंक में 'फ़ोन बैंकिंग ऑफिसर' के तौर पर किया जा रहा था | ज्ञात हो कि पूर्व में भी कैटलिस्ट कॉलेज में 'आई.सी.आई.सी.आई. बैंक' का आगमन होता रहा है और कैटलिस्ट कॉलेज से अबतक 474 छात्रों को चयनित किया जा चुका है एवं ये सभी छात्र हैदराबाद, पुणे तथा मुंबई जैसे महानगरों में अपनी जिम्मेदारियों को सफलतापूर्वक निभा रहे हैं |

सभी चयनित छात्रों को आई.सी.आई.सी.आई. बैंक द्वारा सर्वप्रथम बैंकिंग, फायनान्शियल सर्विसेज़ एवं कैपिटल मार्केट के विभिन्न मॉड्युल्स की ट्रेनिंग दी जाएगी | सभी छात्रों का चयन 'आई.सी.आई.सी.आई. बैंक' के पे-रोल पर होगा और इन छात्रों को 2.6 लाख रु तक का पैकेज दिया जाएगा | चयनित छात्रों को दो साल में प्रोबेशनरी आफिसर के पद पर पदोन्नति मिल सकती है | ट्रेनिंग के पश्चात् छात्रों की पदस्थापना मुंबई, हैदराबाद या कोलकाता के रीजनल हेड क्वार्टर में होने की संभावना है | ट्रेनिंग पूरा होने पर छात्रों को सैलरी में तथा पद में प्रमोशन भी दिया जायेगा |

इस अवसर पर जानकारी प्रदान करते हुये कैटलिस्ट कॉलेज के निदेशक नीरज अग्रवाल ने कहा कि ' छात्रों के चयन के लिए हैदराबाद तथा गुवाहाटी से आई.सी.आई.सी.आई. बैंक के चार सदस्यीय एच.आर. दल का आगमन हुआ | कैटलिस्ट कॉलेज में कैंपस प्लेसमेंट हेतु आई.सी.आई.सी.आई. बैंक पिछले कई वर्षों से आती रही है एवं छात्रों का बड़ी संख्या में 'आई.सी.आई.सी.आई. बैंक में चयन होना अपने आप में एक बड़ा कीर्तिमान है, क्योंकि कॉलेज में पढ़ने वाले ज़्यादातर छात्र बिहार के ग्रामीण पृष्टभूमि के तथा हिन्दी माध्यम के छात्र थे और 'फ़ोन बैंकिंग ऑफिसर' के पद हेतु छात्रों में गणित, रिजनिंग, करेंट अफेयर्स की अच्छी समझ के साथ-साथ फायनन्शियल विषयों की अच्छी समझ तथा हिन्दी एवं अँग्रेजी भाषा में प्रवीणता होनी अनिवार्य थी और कैटलिस्ट कॉलेज के छात्रों ने सभी अहर्ताओं को पूरा करते हुये कैंपस प्लेसेंट के दौरान शानदार प्रदर्शन किया |

इस अवसर पर कैटलिस्ट कॉलेज की सेंटर हेड मेघा अग्रवाल, डीन नीरज पोद्दार, प्लेसमेंट हेड नेहा वर्मा तथा अन्य शिक्षकों ने कहा कि कैटलिस्ट कॉलेज में कोर्स के साथ छात्रों को कराये जाने वाले विभिन्न ऐड-ऑन प्रोग्राम्स जैसे, कैट-मैट प्रेप्रेशन तथा बैंक पी०ओ० इंटेसिव कस्टमर सर्विस ट्रेनिंग, रिटेल मैनेजमेंट एवं इंटरव्यू हैंडलिंग स्किल्स तथा पर्सनैलिटी ग्रूमिंग की क्लासेस ने भी इन छात्रों के चयन में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की | उन्होने छात्रों के चयन हेतु 'आई.सी.आई.सी.आई. बैंक के आगमन पर प्रसन्नता जाहिर की तथा छात्रो के उज्जवल भविष्य की कामना की |



Google
INDIA
ICICI B
Mega Campus Placem

INDIA
WORLD
ICICI B
pus Placem

Mega Camp